# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 276, दिनांक 13–09–2024

### मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 का निजी सचिव बताकर ठगी करने व Online Gambling कराने वाले संगठित गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार।

दिनांकः 12–09–2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को स्वयं को मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 का निजी सचिव बताकर ठगी करने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में रूपये लेकर पास कराने का झांसा देकर ठगी करने व Online Gambling कराने वाले संगठित गिरोह के एक सदस्य को लखनऊ से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u>ः–**

1– फारूख अमन पुत्र डा0 रजिउद्दीन निवासी ग्राम सहरियां, थाना निजामाबाद, जनपद आजमगढ़।

**<u>बरामदगी–</u>**

1– 02 अदद मोबाइल फोन।
2– 01 अदद आधार कार्ड।
3– रू0 1200/– नकद।
4– 48 वर्क प्रिंट आउट Mobile/Whatsapp का डेटा।

**<u>गिरफ्तारी का दिनांक, स्थान व समयः–</u>** दिनांकः 12–09–2024 स्थानः कमता तिराहा अवध बस स्टैंड के पास लखनऊ समयः 23:55 बजे ।

एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को fake WhatsApp Account बनाकर मा0 मुख्यमंत्री जी के निजी सचिव का प्रतिरूपण कर उच्चाधिकारियों के सीयूजी नम्बर को अपने WhatsApp ग्रुप में जोडकर लोगों से रूपये लेकर अधिकारियों से अनाधिकृत पैरवी करने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में रूपये लेकर पास कराने व Live Stream app & Chat App पर Online Gambling कराने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी।

इस सम्बन्ध में एसटीएफ उ0प्र0 की विभिन्न टीमों/इकाईयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री विशाल विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0, उ0प्र0 के पर्यवेक्षण मे एस0टी0एफ0 मुख्यालय स्थित साइबर टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा अभिसचूना तन्त्र को सक्रिय किया गया।

अभिसूचना संकलन के माध्यम से ज्ञात हुआ कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निजी सचिव का प्रतिरूपण करने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में रूपये लेकर पास कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना का मुख्य सहयोगी फारूख अमन लखनऊ में मौजूद है। उपरोक्त सूचना पर निरीक्षक श्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में तकनीकी विशेषज्ञता एवं मुखबिर के माध्यम से सूचना संकलित करते हुए एसटीएफ टीम द्वारा दिनांक 12–09–2024 को समय करीब 23:55 बजे फारूख अमन को कमता तिराहा अवध बस स्टैंड के पास लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे उपरोक्त बरामदगी हुई।

पूछताछ मे अभियुक्त फारूख ने बताया कि उसकी उम्र 26 वर्ष है तथा कर्नाटक से बी–फार्मा किया है। उसकी वर्ष 2021 से StreamKar-Live Stream & Chat company में 02 एजेंसी हैं, जिसमें लगभग 125 होस्ट है। फरवरी 2024 में उसकी एक होस्ट ने बताया कि

''ठाकुर'' नाम से एक सेंडर है, यह लडकियों को क्वाइन गिफ्ट करता है और रिचार्ज भी कराता है। अगर हम लोग इसको सेट कर लेंगे तो यह हम लोगों से क्वाइन का रिचार्ज खरीदेगा व क्वाइन गिफ्ट करेगा। इस लालच में आकर यह उससे बात किया। तो उसने (ठाकुर) बताया कि वह मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 जी का निजी सचिव है एवं लखनऊ में ही रहता है। तो फारूख ने बताया कि मेरी StreamKar पर एजेंसियां है। मेरे पास कम्पनी के रिचार्ज का पोर्टल भी है। इसके बाद फारूख की Streamkar/Watsapp पर ''ठाकुर'' से बात होने लगी। एक दिन उसने फारूख से कहा कि तुम्हारा कोई भी काम हो तो मुझे बताना मै करवा दॅूगा। किसी भी अधिकारी को फोन कर देता हू तो लोग डर जाते हैं। इसके बाद फारूख ने उससे कहा कि मेरा एक पिस्टल का लाइसेंस बनवा दो। तो उसने बोला डीएम को बोलकर करवा दूंगा। इसके बाद उसने फारूख से कहा मेरी StreamKar ID पर क्वाइन रिचार्ज कर दो। जिस पर फारूख ने उसकी आईडी कम्पनी को भेजकर क्वाइन रिचार्ज करा दिया। कुछ दिन सम्पर्क मे रहने के बाद फारूख को पता चला कि वह अधिकारी नही है। इसके कुछ दिन बाद कथित निजी सचिव को हवाला के माध्यम से कुछ रूपये किसी से लेने थे। तब फारूख ने उसके WhatsApp Account को दूसरे के फोन में स्कैन करके कैसे लागिन करते हैं यह बताया था। जिसके बाद काम होने पर कथित निजी सचिव ने फारूख के कहने पर फारूख की StreamKar ID पर लाखों रूपये के क्वाइन गिफ्ट किया था। जिससे फारूख लालच में आ गया और उसके साथ मिलकर ठगी का काम करने लगा। फारूख कथित निजी सचिव को अपने होस्टों की आईडी भेजकर क्वाइन सेंडिग कराता था। कथित निजी सचिव के रिचार्ज कराने से व होस्टों को सेंडिग करने से फारूख को 14 प्रतिशत, कम्पनी को 26 प्रतिशत व होस्ट को 60 प्रतिशत कमिशन मिलता था। इसके अतिरिक्त फारूख भी उससे क्वाइन अपनी StreamKar ID पर गिफ्ट लेता रहता था व उसको मोबाइल में VPN Use करना व अन्य तकनीकी जानकारी देता रहता था। जिससे वह फारूख की आईडी व उसके जानने वालों की StreamKar ID पर क्वाइन गिफ्ट करता था। वह अलग अलग लोगों के माध्यम से रिचार्ज का रूपया जमा कराता था जो लोगो से ठगी करके लिया जाता था। 26 जुलाई 2024 को कथित निजी सचिव ने WhatsApp पर पुलिस भर्ती से सम्बन्धि स्टोरी लगाया था, जिस पर फारूख ने उसने पूछा तब उसने बताया कि अगर किसी को भर्ती कराना हो तो मैं सात लाख में करा दूगा उसमें से हम लोगों का आधा आधा हो जायेगा आज उसी के कहने पर ही फारूख लखनऊ आया था। StreamKar -Live Stream & Chat company के बारे में पूछने पर फारूख ने बताया कि यह एक लाइव स्ट्रीमिंग, चैटिंग एण्ड गैम्बलिंग एप है। इस एप पर Online Gambling तीन पत्ती, टेजर हंट, अलीबाबा, डर्बी, फ्रूटलुक हैं। कम्पनी द्वारा जो जुआ कराया जाता है उसमें लोग जो रिचार्ज लेते है उसका 7 प्रतिशत कमीशन फारूख को मिलता है। StreamKar कम्पनी का वार्षिक टार्नओवर भारत में लगभग रू 200 करोड़ है। अभियुक्त से बरामद इलेक्ट्रानिक उपकरणों का फारेंसिक परीक्षण कराया जायेगा।

उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त को थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट लखनऊ में मु0अ0सं0 152/2024 धारा 112 (2), 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340 भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 66 डी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कराकर दाखिल किया गया है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।